# 4 पर सीधा तो 2 पर त्रिकोणीय मुकाबला

**खास बातें**

- सुबह 10 से 1 बजे तक व्यापार भवन में होगा मतदान
- शाम 3 बजे के बाद होगी मतों की गणना
- देर शाम तक परिणाम हो जायेंगे घोषित

नवभारत न्यूज

**विदिशा 28 मार्च, शहर के प्रतिष्ठित व्यापार महासंघ के चुनाव आज 29 मार्च, रविवार को आयोजित होंगे. वरिष्ठ मंत्री पद पर जितेंद्र जैन 'जित्तू' के निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद अब अध्यक्ष सहित शेष 6 पदों के लिए मतदान कराया जाएगा.**

**रीठा फाटक स्थित व्यापार भवन में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान होगा.इसके बाद दो घंटे के अंतराल में मतगणना शुरू की जाएगी और देर शाम तक परिणाम घोषित होने की संभावना है.**

इस बार महासंघ के चुनाव तय समय से देरी से हो रहे हैं. महासंघ के चुनाव को लेकर महासंघ में टकराव की स्थिति भी बनी थी. जिसके बाद विदिशा व्यापार महासंघ के चुनाव का ऐलान किया गया था. जैसे ही चुनाव का ऐलान हुआ और चुनाव लड़ने वाले दावेदार भी सक्रिय हो गए थे. जिन्होंने चुनाव जीतने के लिए साम, दाम दंड और भेद के जरिए जीत हालिस करने की पूरी कोशिश की है. आज वोटिंग के बाद फैसला हो जाएगा कि अगले तीन साल के लिए व्यापार महासंघ का बॉस कौन होगा.

### 179 डायरेक्टर करेंगे चयन

विभिन्न व्यापारी संगठनों से जुड़े 179 डायरेक्टर महासंघ के पदाधिकारियों का चयन करेंगे. चुनाव को लेकर व्यापारियों में खासा उत्साह और उत्सुकता देखने को मिल रही है.

### इन पदों पर होगा मुकाबला

**यह हैं आमने सामने**

अध्यक्ष- राजेश जैन और राजीव जैन 'गड्ढू', वरिष्ठ उपाध्यक्ष- आशीष मोदी और हरीश वाधवानी, कोषाध्यक्ष- राजकुमार अग्रवाल और मनीष जैन,उपाध्यक्ष- नीरज और आशीष,इन पदों पर त्रिकोणीय मुकाबला,

**इन पर त्रिकोणीय संघर्ष**

**महामंत्री-** नरेंद्र सोनी, राजेश खुवाल, उमेश सिंघल

**संयुक्त मंत्री-** विवेक शर्मा, अनुराग गोयल, राजकुमार नेमा चुनाव परिणाम के साथ ही महासंघ को नया नेतृत्व मिलेगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियों की दिशा तय होगी. व्यापारिक वर्ग को नए पदाधिकारियों से कई उम्मीदें हैं, ऐसे में सभी की निगाहें आज आने वाले नतीजों पर टिकी हैं.

### दो पदों पर त्रिकोणीय, चार पर सीधी टक्कर

महासंघ चुनाव में महामंत्री और संयुक्त मंत्री पद के लिए तीन-तीन उम्मीदवार मैदान में हैं, जिससे इन पदों पर त्रिकोणीय मुकाबला होगा. वहीं अन्य चार पदों पर सीधी टक्कर देखने को मिलेगी.

### शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैयारी पूरी

चुनाव को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं. मतदान समाप्त होते ही मतगणना शुरू होगी और देर शाम तक नए पदाधिकारियों की घोषणा कर दी जाएगी.

# गैस की कमी से होटल संचालक परेशान, पुराने संसाधनों का सहारा

**लकड़ी-कोयले के चूल्हों पर लौटे व्यापारी, कारोबार प्रभावित**



नवभारत न्यूज

**पठारी 28 मार्च, नगर सहित क्षेत्र में रसोई गैस की कमी के चलते स्थानीय दुकानदारों, होटल संचालकों और रेस्टोरेंट व्यवसायियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है. हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि कई होटल और मिठाई-नमकीन की दुकानें बंद होने की कगार पर पहुंच गई हैं.**

गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति नहीं होने से व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं. व्यवसायियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे रोजमर्रा का कामकाज ठप पड़ गया है. होटल और रेस्टोरेंट में खाना बनाने से लेकर मिठाई और नमकीन तैयार करने तक हर काम गैस पर निर्भर रहता है.

गैस न मिलने के कारण दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. व्यापारियों ने बताया कि काफी समय से गैस नहीं मिल पा रही है, जिससे दुकान बंद करने की नौबत आ गई है. उन्होंने कहा कि मजबूरी में अब पुराने तरीकों का सहारा लेना पड़ रहा है.लकड़ी के चूल्हे और कोयले की भट्टी का उपयोग कर किसी तरह दुकान चलाई जा रही है, लेकिन इससे लागत भी बढ़ रही है और काम में कठिनाई भी हो रही है.

## 8 वाहनों पर चालान, 1.88 र लाख से अधिक राजस्व वसूला

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिला परिवहन अधिकारी द्वारा आज ग्यारसपुर एवं सागर रोड, विदिशा क्षेत्र में वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया.इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान कुल 8 वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई. इनमें से 5 वाहनों से शमन शुल्क के रूप में 1,14,000 रुपए एवं मोटरयान कर के रूप में 74,350 रुपए वसूल किया गया.इस प्रकार कुल 1,88,350 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ.कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से यात्री वाहनों एवं डंपरों की गहन जांच की गई, जिसमें दस्तावेजों की वैधता, परमिट एवं कर भुगतान की स्थिति का परीक्षण किया गया.शेष 3 वाहनों को जब्त कर पुलिस थाना ग्यारसपुर में सुरक्षार्थ रखा गया है.परिवहन विभाग द्वारा आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है, जिससे यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित हो सके.

## श्री शीतलनाथ शाखा विदिशा का होली मिलन व वार्षिक बैठक सम्पन्न

**मंगलाचरण से हुआ शुभारंभ, भक्ति और उल्लास का माहौल**



नवभारत न्यूज

**विदिशा,अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद श्री शीतलनाथ शाखा विदिशा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. प्रवक्ता सुप्रिया जैन ने बताया कि समारोह की शुरुआत मंगलाचरण से हुई. उसके पश्चात संगीतमय भक्ताम्बर जी का पाठ व भजनों का आयोजन किया गया.**

सुप्रिया जैन ने बताया कि इस अवसर पर श्रीमती नीलमणि जैन प्रांतीय प्रभारी, श्रीमती रानू जैन लश्करी अध्यक्ष, श्रीमती रेशू जैन दरबार सचिव और श्रीमती सपना जैन कोषाध्यक्ष व समस्त महिला पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रारंभ की. बड़ी संख्या में सदस्यों ने उपस्थिती दी.नवीन सदस्यों को परिषद से जोड़ा गया एवं परिषद का कार्य समझाया गया. कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया.यह समारोह हमारी संस्कृति की परंपरा को आगे बढ़ाने और एकता का प्रतीक है. अंत में आभार श्रीमती सुप्रिया जैन द्वारा व्यक्त किया गया. भगवान की आरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया.

### विधायक ने दिलाई नरवाई न जलाने की शपथ

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने ग्राम गुरोद में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और ग्रामीणों को नरवाई नहीं जलाने की शपथ दिलाई. उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को नुकसान, मिट्टी की उर्वरता में कमी और वायु प्रदूषण बढ़ता है.विधायक ने किसानों से आधुनिक तकनीकों के उपयोग और शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर फसल अवशेष प्रबंधन करने की अपील की. इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं अधिकारी उपस्थित रहे.

## प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा सब जेल गंजबासौदा का निरीक्षण

**बंदियों से चर्चा कर समस्याएं जानीं, व्यवस्थाओं पर जताया संतोष**

नवभारत न्यूज

**गंजबासोदा,** प्रधान जिला न्यायाधीश शेख सलीम द्वारा सब जेल गंजबासोदा का निरीक्षण किया गया. इस दौरान उन्होंने बंदियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया.निरीक्षण के दौरान उनके साथ डालसा सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर भी उपस्थित रहे. न्यायाधीश द्वारा जेल की पाकशाला का निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायजा लिया गया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया.इस अवसर पर जेलर आलोक कुमार भार्गव सहित अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा.

## क्रीड़ा भारती की प्रांतीय बैठक में गूंजा 'खेल सृष्टि में भारतीय दृष्टि' का मंत्र

**विदिशा में दो दिवसीय बैठक, पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने पर मंथन**





नवभारत न्यूज

**विदिशा, क्रीड़ा भारती मध्यभारत प्रांत की दो दिवसीय वार्षिक योजना बैठक का आयोजन तलैया स्थित सरस्वती स्कूल में गरिमामय वातावरण में किया गया. बैठक का उद्देश्य आगामी वर्ष की खेल गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करना और भारतीय पारंपरिक खेलों को जमीनी स्तर पर मजबूत करना रहा.**

बैठक में 'खेल सृष्टि में भारतीय दृष्टि' विषय पर गहन विमर्श हुआ, जिसमें खेलों के माध्यम से भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया. साथ ही आगामी अप्रैल माह से शुरू होने वाले भव्य कबड्डी खेल महोत्सव की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिसे प्रांत स्तर पर बड़े आयोजन के रूप में आयोजित करने की योजना है.

कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के अखिल भारतीय अधिकारी भीष्म सिंह राजपूत, मध्य भारत प्रांत के उपाध्यक्ष संजय भारद्वाज और प्रदेश मंत्री मनोज तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहे. प्रांत के विभिन्न जिलों से आए लगभग 70 कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर आगामी सत्र के लक्ष्यों पर विचार-विमर्श किया.बैठक का विशेष आकर्षण सुप्रसिद्ध क्रिकेट कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता संजय भारद्वाज रहे. उनके विदिशा आगमन पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला. उल्लेखनीय है कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर जैसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया है.कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में पंकज भार्गव, रविकांत नामदेव एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा.

### एचपीवी टीकाकरण को लेकर सख्त निर्देश, लक्ष्य पूर्ति पर जोर

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शहरी स्वास्थ्य केंद्र करैयाखेड़ा में एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं. प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आरबीएसके टीम को अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को टीकाकरण हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं.केंद्र पर एचपीवी वैक्सीनेशन की सुविधा उपलब्ध है, जहां पात्र बालिकाओं एवं महिलाओं को नि:शुल्क टीका लगाया जा रहा है. सभी फील्ड कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय संपर्क कर हितग्राहियों को चिन्हित कर समय पर केंद्र तक लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है.अधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्य करते हुए समय सीमा में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जाए, ताकि महिलाओं को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित किया जा सके.

## सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**पुतला दहन में बड़ी संख्या में शामिल हुए कर्मचारी**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, नगर पालिका परिषद भिंड में सफाई कर्मचारियों के साथ हो रहे कथित अन्याय, अत्याचार एवं अनियमितताओं के विरोध में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले कर्मचारियों ने विदिशा में विरोध दर्ज कराया. संगठन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार निधि पटेल के माध्यम से सौंपा.**

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि भिंड नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों की हाजिरी नियम विरुद्ध तरीके से निर्वाचित पार्षदों द्वारा भरवाई जा रही है, जबकि नियमानुसार यह कार्य केवल मेट या दरोगा का है. साथ ही पार्षदों एवं अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों से अवैध वसूली किए जाने और विरोध करने पर नौकरी से निकालने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं.

संगठन ने बताया कि कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है, वर्षों से एरियर्स लंबित हैं और सीमित स्टाफ होने के बावजूद अत्यधिक कार्य लिया जा रहा है. इसके अलावा कर्मचारियों के लिए आवासीय कॉलोनी, सामुदायिक भवन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव बना हुआ है.विरोध के तहत आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में नगर पालिका के कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी, महिला-पुरुष एवं अन्य सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए. कार्यक्रम में जिलेभर से आए प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया.इस दौरान सुभाष बोहत एडवोकेट, नरेंद्र चौहान, मुन्नालाल मेना, राजेंद्र गोहर, छोटू बोहत, विनोद खरे, रमेश पथरोल, विष्णु मारोठिया सहित अनेक पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे. वहीं श्रीमती मीना बाई, श्रीमती रानी बाई, श्रीमती रामकली बाई, श्रीमती गौरी बाई, करण बोहत, कार्तिक बोहत, किशन चांवरिया, संतोष चौहान, जितेंद्र महरौलिया, अशोक महरौलिया एवं पवन मीना सहित अन्य लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे.संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष बोहत एडवोकेट ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा. उन्होंने मांग की है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी भिंड के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, कर्मचारियों को समय पर वेतन एवं एरियर्स का भुगतान हो और नियमानुसार कार्य प्रणाली लागू की जाए.कर्मचारियों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

## भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर दो दिवसीय भव्य महामहोत्सव का आयोजन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर के पावन जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय भव्य महामहोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया जा रहा है.**

महोत्सव के प्रथम दिवस 29 मार्च, रविवार को प्रात: 6 बजे से प्रभात फेरियाँ श्री पारसनाथ जिनालय रामद्वारा, श्री चंद्रप्रभु जिनालय खरीफाटक बाहरी तथा श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से निकाली जाएंगी. ये सभी प्रभात फेरियाँ संयुक्त रूप से माधवगंज स्थित श्री महावीर कीर्ति स्तंभ, मालवीय उद्यान पहुंचेंगी, जहां प्रात: 8 बजे ध्वजारोहण के साथ समापन होगा.द्वितीय दिवस 30 मार्च, सोमवार को भव्य जन्मकल्याणक शोभायात्रा स्थानीय दिगंबर जैन छोटा मंदिर (किला अंदर) से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक, बजरिया, लोहा बाजार, बड़ा बाजार, निकासा होते हुए किरी मोहल्ला पहुंचेगी. तत्पश्चात माधवगंज चौक पर भगवान का अभिषेक, पूजन एवं पालना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम के उपरांत शोभायात्रा पुन: मुख्य मार्ग से होते हुए छोटा मंदिर पहुंचेगी.

प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि जियो और जीने दो के संदेश के साथ सम्पूर्ण क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण की अद्भुत छटा देखने को मिलेगी.भगवान महावीर के सिद्धांत—अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और अनेकांतवाद—आज भी विश्व शांति की आधारशिला हैं. उनका जीवन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता को शांति, सहिष्णुता और नैतिकता का मार्ग दिखाने वाला है.श्री सकल दिगंबर जैन समाज समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस दो दिवसीय महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का विनम्र निवेदन किया है.

### आकाश सोनी बने श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**लटेरी,** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला विदिशा अंतर्गत लटेरी तहसील इकाई में सर्वसम्मति से आकाश सोनी को अध्यक्ष चुना गया. लंबे विचार-विमर्श और वरिष्ठों के मार्गदर्शन के बाद यह निर्णय पूरी सहमति से लिया गया, जो संगठन की एकता और आपसी विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है.चयन प्रक्रिया पूरी तरह लोकतांत्रिक और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसमें किसी प्रकार का विरोध सामने नहीं आया. भोपाल से आए चुनाव प्रभारी नरेंद्र भदौरिया ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया और इसे जिले के लिए प्रेरणादायक बताया.इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हाकम सिंह रघुवंशी, जिला महासचिव रूपेश आर्य, कार्यकारी अध्यक्ष योगेश पंथी, जिला उपाध्यक्ष शान मियां सहित कई वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे. सभी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा जताई.अध्यक्ष बनने के बाद आकाश सोनी ने कहा कि वे सभी साथियों को साथ लेकर पत्रकारों के हित, अधिकार और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे.

**आयोजन** — भक्तमाल कथा, राम जन्मोत्सव और पाटोत्सव के बीच संपन्न हुआ दिव्य आयोजन

# नौलखी तपोवन में शिवलोक निर्माण के संकल्प के साथ महोत्सव का समापन



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, बेतवा नदी के तट स्थित नौलखी तपोवन आश्रम में आयोजित नवदिवसीय महाप्रभु जगन्नाथ एवं भगवान श्री सीताराम जी के द्वितीय पाठ महोत्सव और भक्तमाल कथा का समापन शनिवार को शिवलोक निर्माण के संकल्प के साथ किया गया. नौ दिनों तक चले इस आयोजन में कथा, भजन, पूजन, श्रृंगार और भोग के विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.**

महोत्सव के दौरान भगवान श्रीराम जन्मोत्सव और भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के पाटोत्सव की विशेष धूम रही. आयोजन ने पूरे नगर को भक्ति और आस्था के वातावरण से जोड़ते हुए सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया.नवदिवसीय महोत्सव और पहली बार नगर में आयोजित भक्तमाल कथा में सुनाए गए तपस्वी संतों के चरित्रों ने श्रद्धालुओं को भक्ति की अविरल धारा में प्रवाहित कर दिया. संतों और भक्तों के जीवन प्रसंगों ने जहां हृदय को स्पर्श किया, वहीं राम जन्मोत्सव की गूंज ने वातावरण को भक्ति से सराबोर कर दिया. छप्पन भोग, महाप्रभु का अलौकिक श्रृंगार और सतत कथा प्रवाह ने आयोजन को दिव्य अनुभूति में परिवर्तित कर दिया.भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के पाटोत्सव के साथ आयोजन अपने चरम पर पहुंचा और शिवलोक निर्माण के संकल्प के साथ संपन्न हुआ. श्रीराम नवमी पर आश्रम में विराजित भगवान सीताराम जी का मनोहारी श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा. रामनवमी महोत्सव के यजमान नरेश गुप्ता द्वारा छप्पन भोग अर्पित किया गया.श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज ने राम जन्मोत्सव पर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया, जिसने सभी के हृदय को भावविभोर कर दिया. वहीं पाटोत्सव के अवसर पर यजमान मनीष पाठक द्वारा 96 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया.रामोत्सव में विदिशा जिले के उद्योगपति राकेश मरखेडकर अपनी धर्मपत्नी सहित शामिल हुए और महंत श्री से आशीर्वाद लिया.भक्तमाल कथा के समापन पर कथा व्यास डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री का सम्मान महंतश्री राम मनोहर दास जी महाराज सहित अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा शाल-श्रीफल भेंट कर किया गया.

## नेमिनाथ जिनालय में वेदी एवं शिखर शिलान्यास, पहले दिन निकली भव्य शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**विदिशा, नव निर्माणाधीन श्री नेमिनाथ जिनालय अरिहंत विहार में वेदी एवं शिखर शिलान्यास कार्यक्रम के प्रथम दिन श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकालकर श्री रत्नत्रय विधान का आयोजन किया गया.**

प्रवक्ता डॉ. मक्खन लाल जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत विहार से शोभायात्रा के रूप में हुई. इसमें महिलाएं सिर पर कलश धारण कर एवं जिनवाणी लेकर शामिल हुईं. मार्ग में साधर्मियों ने घरों के बाहर रंगोली बनाकर श्रीजी की आरती कर मंगल अगवानी की. तत्पश्चात नवीन निर्माणाधीन मंदिर में श्रीजी का अभिषेक एवं पूजन किया गया.पंडित शिखर चंद जैन अलंकार, रमेशचंद करैया, सुभाष मोदी, सुभाष जैन पल्लीवाल एवं मलूकचंद खेरुआ द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. इसके पश्चात श्री रत्नत्रय विधान का भव्य आयोजन हुआ. मेरठ से पधारे युवा विद्वान पंडित मनीष शास्त्री द्वारा आध्यात्मिक प्रवचन दिए गए.अपने प्रवचन में उन्होंने जिन प्रतिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिन बिंब श्रद्धा और दर्शन का केंद्र हैं. जिन प्रतिमा के दर्शन से कठोर कर्मों का नाश होता है और प्रतिमा स्थापित होते ही मंदिर समोशरण का स्वरूप ले लेता है. उन्होंने धर्मशास्त्रों, आत्मज्ञान और तर्क की महत्ता बताते हुए कहा कि सच्ची भक्ति केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि ज्ञान और अनुभव से जुड़ी होती है.कार्यक्रम के दौरान 150 कलशों के साथ महिलाओं द्वारा मंत्रोच्चार के बीच वेदी एवं शिखर स्थल की शुद्धि की क्रिया प्रतिष्ठाचार्य पंडित अभिनंदन द्वारा संपन्न कराई गई.प्रवक्ता ने बताया कि 29 मार्च को वेदी व शिखर शिलान्यास की मुख्य विधि संपन्न होगी, जिसमें स्वर्ण, रजत एवं कांस्य शिला के माध्यम से श्रद्धालु शिलान्यास में भाग लेंगे. साथ ही परवार समाज पंचायत समिति की हीरक जयंती विशेषांक पत्रिका का विमोचन प्रात: 9 बजे से किया जाएगा. दिल्ली व मेरठ से आए विद्वानों द्वारा स्वाध्याय का आयोजन भी होगा.श्री नेमिनाथ जिनालय के ट्रस्टियों ने सभी धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है.